इंडियन रेलवे केटरिंग एवं टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम—मिनी रत्न)
IRCTC
INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.
(A Govt. of India Enterprise-Mini Ratna)
"CIN-L74899DL1999GO1101707". E-mail : info@irctc.com, Website : www.irctc.com

**No. 2019/IRCTC/CS/STEX/356** **Dated: May 11, 2022**

| | |
|---|---|
| **BSE Limited**<br>1st Floor, New Trade Wing, Rotunda Building Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street Fort,<br>Mumbai – 400 001<br><br>**Scrip Code: 542830** | **National Stock Exchange of India Limited**<br>"Exchange Plaza", C-1, Block-G,<br>Bandra-Kurla Complex,<br>Bandra (East),<br>Mumbai – 400 051<br><br>**Scrip Symbol: IRCTC** |

**Sub: Press Release on "*Inaugural Journey of Bharat Gaurav Tourist Train*"**

**Sir/Madam,**

In compliance with the Regulation 30 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find the enclosed herewith Press Release on ***"Inaugural Journey of Bharat Gaurav Tourist Train".***

This is for your kind information and record.

Thanking you,

Yours faithfully,
**For and on behalf of Indian Railway Catering & Tourism Corporation Limited**

11/5/22

**(Suman Kalra)**
Company Secretary and Compliance Officer
Membership No: F9199

**Encl: a/a.**

पंजीकृत एवं कॉरपोरेट कार्यालय: 11 वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी-148, बाराखम्बा मार्ग, नई दिल्ली-110001 दूरभाष: 011-23311263-64 फैक्स: 011-23311259
Regd. & Corp. Office : 11th Floor, Satatesman House, B-148, Barakhamba Road, New Delhi - 110001, Tel. 011-23311263-64 Fax : 011-23311259

IRCTC

**Press Release**

- **Inaugural journey of Bharat Gaurav tourist train will be operated on Sri Ramayana Circuit**

- ***IRCTC will run its first Bharat Gaurav Tourist Train under the aegis of Ministry of Railways' new policy and is set to make its maiden journey on June 21, 2022.***
- ***This train will run on the Ramayana Circuit identified under Swadesh Darshan scheme covering prominent places associated with life of Lord Shri Rama. Visit of Ram Janaki temple in Janakpur located in Nepal will be the part of this Tour itinerary***
- ***The 18 days tour will start from Delhi Safdarjung Railway Station on 21st June by Bharat Gaurav AC Tourist Train.***
- ***The tourist train is fitted with a well equipped pantry car for rustling up freshly made vegetarian meal for the tourists. Infotainment system, CCTV camera, security guard services shall also be available on board.***
- ***Bharat Gaurav Tourist Train with ten 3rd AC class coaches will accommodate a total of around 600 tourists.***
- ***M/s R.K. Associates & Hoteliers Pvt Ltd is the Service Partners of IRCTC for the Bharat Gaurav Tourist Train.***
- ***IRCTC has also tied up with Paytm and Razorpay payment gateways for providing EMI payment option to the customers.***

**IRCTC Ltd**, a public sector undertaking under **Ministry of Railways** is launching and operating the first Bharat Gaurav Tourist Train (modern state of the art AC rake) from. **Delhi** on **21st June 2022** and will cover all prominent places associated with life of **Lord Rama**.

The proposed 18 day Bharat Gaurav Tourist train tour has its first stop at **Ayodhya**, the birthplace of Lord Rama, where tourists will visit **Shri Ram Janmbhumi temple and Hanuman temple** and additionally **Bharat Mandir** at **Nandigram**. After Ayodhya, the next destination is **Buxar** where the tourists will be shown the **hermitage of Maharishi Vishwamitra** and the **Ramrekha Ghat** where the guests can take a holy dip in the Ganges. From here the train moves to **Sitamarhi** for the visit of **Sita's birth**

**place** and proceed by road to Janakpur (Nepal). Tourists will stay overnight at hotels in Janakpur and visit famous **Ram-Janaki Temple in Janakpur.** After completion of Sitamarhi visit, train proceeds to the oldest living city of the world, **Varanasi**. While at Kashi, tourists will walk around the **temples** at **Varanasi Sita Samahit Sthal, Prayag, Shringverpur** and **Chitrakoot** will be covered by road. Night stay at hotels will be provided at Varanasi, Prayag and Chitrakoot.

The train journey on the next leg moves to **Nasik** for overnight stay at Hotels. Visit of **Trayambakeshwar temple** and **Panchvati** will be covered .Next destination after Nasik is the visit of ancient city of **Krishkindha, Hampi with overnight stay at hotels.** Here the guests will visit the temple believed to be the **birth place of Shri Hanuman** atop the Anjaneyadri Hills and other heritage and religious sites. **Rameshwaram** is the next destination of this train tour wherein **Ramanathaswamy temple** and **Dhanushkodi** will be covered along with overnight stay at hotels.The train destination is **Kanchipuram** where Shiv Kanchi, Vishnu Kanchi and Kamakhshi temples are on the day's excursion. From here,the last destination that the train touches in this tour is **Bhadrachalam** in Telengana state which is also widely referred to as the **Ayodhya of the south**. After this, the train will return back to Delhi on the 18th day of its journey covering roughly a distance of around **8000 Kms** in this entire Ramayana tour.

This fully air-conditioned tourist train will comprise of eleven **3rd AC** coaches, one pantry car and two SLR's. Freshly cooked vegetarian meals will be served on board to the guests in their respective seats from the well equipped **modern pantry car**. The train has also been fitted with infotainment system for the entertainment of the passengers as well as for public announcements. From clean toilets to enhanced security features of **CCTV Cameras** and **Security Guards** for each coach have also been provided for the tourists.

Bharat Gaurav Tourist Train launch is in line with the Government of India initiative "***Dekho Apna Desh***" to promote domestic tourism. At a price range starting from **Rs. 62,370/-** per person, the IRCTC tourist train will be a 18 days all inclusive tour package. The All inclusive Package price will cover train journey in 3rd AC, Night stay at AC hotels, All meals (VEG ONLY), all transfer & sight-seeing in buses, Travel Insurance and services of guide etc. All necessary health precautionary measures will be taken care of by providing safe and healthy travel during the tour. IRCTC will make efforts to provide a safe and memorable experience to the guests.

In order to make this package more attractive and affordable to a large population, IRCTC has tied up with Paytm and Razorpay payment gateways for providing **EMI payment option** for breaking the total payment in small amount EMIs. Users can avail the EMI payment option for making payment in 3, 6, 9, 12, 18 or 24 month EMIs. These EMI payment options can be made through Debit/Credit Cards.

**Government/PSU employees** can avail **LTC facility** on this tour as per eligibility based on the guidelines issued by the Ministry of Finance, Govt. of India.

Beside this, IRCTC will also provide a safety kit to all tourists containing a face mask, hand gloves and a hand sanitizer. Temperature check of all tourists and staff, frequent train sanitization at halt stations etc and other precautions will be ensured. Staff shall be screened thoroughly and kitchen will be cleaned & sanitized after every meal service. **COVID-19 final Vaccination is mandatory** for all guests of the **age of 18 years and above.**

For more details you can visit IRCTC website: **https://www.irctctourism.com** and booking is available online, on first come first serve basis on the web portal. For more information, you can contact on IRCTC **Mobile no. 8287930202** and **8287930297.**

************************

IRCTC

**Press Release**

## पहली भारत गौरव पर्यटक ट्रेन श्री रामायण यात्रा के लिए चलाई जाएगी

- रेल मंत्रालय द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन चलाने की योजना बनाई गयी थी।
- आईआरसीटीसी द्वारा पहली भारत गौरव ट्रेन 21 जून से प्रारंभ की जा रही है।
- यह ट्रेन स्वदेश दर्शन के अंतर्गत चिन्हित रामायण सर्किट पर प्रभु श्रीराम के जीवन से जुड़े स्थलों का पर्यटन कराएगी। नेपाल स्थित जनकपुर मे राम जानकी मंदिर का भ्रमण भी ट्रेन टूर में शामिल होगा।
- 21 जून को दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 18 दिनों के टूर पर रवाना होगी 'भारत गौरव' एसी पर्यटक ट्रेन।
- आईआरसीटीसी की भारत गौरव ट्रेन में एसी तृतीय श्रेणी के कुल 10 कोच यात्रियों के लिए होंगे जिसमें कुल 600 यात्री यात्रा कर सकेंगे।
- इस पर्यटक ट्रेन में पैन्ट्री कोच की सुविधा होगी जिससे पर्यटकों को शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा । साथ ही इन्फोटेन्मेंट सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा, सिक्युरिटी गार्ड इत्यादि की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाएगी।
- मेसर्स आर. के. एसोसिएटस् , इस भारत गौरव ट्रेन के लिए आईआरसीटीसी के साथ सर्विस पार्टनर रहेगा।
- आईआरसीटीसी ने टूर के बुकिंग प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए पेटीएम व रेज़रपे जैसी पेमेंट गेटवे संस्थाओं से करार किया है जिससे भुगतान डेबिट/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से आसान किश्तों में किया जा सके।

भगवान श्रीराम में आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। भारतीय रेलवे का उपक्रम आईआरसीटीसी, रेल मंत्रालय द्वारा उद्घोषित भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन शुरू करने जा रहा है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक साज सज्जा के साथ तैयार पहली वातानुकूलित **भारत गौरव** ट्रेन **श्री रामायण यात्रा** के लिए चलाई जाएगी। यह विशेष पर्यटक ट्रेन दिल्ली से 21 जून को प्रारंभ होगी व पर्यटकों को प्रभु श्रीराम से जुड़े सभी महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों का भ्रमण व दर्शन कराएगी।

पूरी यात्रा में कुल 18 दिन लगेंगे। यात्रा का पहला पड़ाव प्रभु श्री राम का जन्म स्थान अयोध्या होगा जहां श्री राम जन्मभूमि मंदिर श्री हनुमान मंदिर व नंदीग्राम में भरत मंदिर का दर्शन कराया जाएगा।

अयोध्या से रवाना होकर यह ट्रेन बक्सर जाएगी जहां श्री विश्वामित्र जी का आश्रम व रामरेखा घाट पर गंगा स्नान का कार्यक्रम होगा। यहाँ से ट्रेन सीतामढ़ी जाएगी जहां जानकी जन्म स्थान वह नेपाल के जनकपुर स्थित राम जानकी मंदिर का दर्शन प्राप्त किया जा सकेगा। ट्रेन का अगला पड़ाव भगवान शिव की नगरी काशी होगा जहां से पर्यटक बसों द्वारा काशी के प्रसिद्ध मंदिरों सहित सीता समाहित स्थल, प्रयाग, श्रृंगवेरपुर, व चित्रकूट की यात्रा करेंगे। इस दौरान काशी प्रयाग व चित्रकूट में रात्रि विश्राम होगा।
चित्रकूट से चलकर यह ट्रेन नासिक पहुंचेगी जहां पंचवटी व त्रयंबकेश्वर मंदिर का भ्रमण किया जा सकेगा। नासिक के पश्चात प्राचीन किष्किंधा नगरी हंपी इस ट्रेन का अगला पड़ाव होगा जहां अंजनी पर्वत स्थित श्री हनुमान जन्म स्थल व अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक व विरासत मंदिरों का दर्शन कराया जाएगा। हम्पी के पश्चात रामेश्वरम इस ट्रेन का अगला पड़ाव होगा। रामेश्वरम में पर्यटकों को प्राचीन शिव मंदिर व धनुषकोडी का दर्शन लाभ प्राप्त होगा। रामेश्वरम से चलकर यह ट्रेन कांचीपुरम पहुंचेगी जहां शिव कांची, विष्णु कांची और कामाक्षी माता मंदिर का भ्रमण कराया जाएगा। इस ट्रेन का अंतिम पड़ाव तेलंगाना राज्य में स्थित भद्राचलम होगा जिसे दक्षिण की अयोध्या के नाम से भी जाना जाता है। यह ट्रेन 18 वें दिन दिल्ली वापस पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन द्वारा लगभग 8000 किलोमीटर की यात्रा पूरी की जाएगी।

इस पूर्णतया वातानुकूलित पर्यटक ट्रेन में ऐसी तृतीय श्रेणी के कोच होंगे। साथ ही आधुनिक किचन कार से यात्रियों को उनकी बर्थ पर ही शाकाहारी स्वादिष्ट भोजन परोसा जाएगा। ट्रेन में यात्रियों के मनोरंजन व यात्रा की जानकारी आदि प्रदान करने हेतु इन्फोटेन्मेंट सिस्टम भी लगाया गया है। स्वच्छ शौचालय के साथ ही सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड एवं सीसीटीवी कैमरे भी प्रत्येक कोच में उपलब्ध रहेंगे।

भारत गौरव पर्यक ट्रेन, भारत सरकार की पहल **"देखो अपना देश"** के अनुरूप, घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही है। आईआरसीटीसी ने इस 18 दिनों की यात्रा के लिए रु 62370/- प्रति व्यक्ति का शुल्क निर्धारित किया है। इस टूर पैकेज की कीमत में यात्रियों को रेल यात्रा के अतिरिक्त स्वादिष्ट शाकाहारी भोजन, बसों द्वारा पर्यटक स्थलों का भ्रमण, एसी होटलों में ठहरने की व्यवस्था, गाइड व इंश्योरेंस आदि कि सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार/पीएसयू के कर्मचारी इस यात्रा पर वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर पात्रता के अनुसार एलटीसी सुविधा का लाभ भी उठा सकते हैं।

आईआरसीटीसी ने इस टूर की बुकिंग प्रक्रिया को सुगम बनाने व ग्राहकों के लिए इसे और अधिक आकर्षक बनाने के लिए पेटीएम व रेज़रपे जैसी पेमेंट गेटवे संस्थाओं से करार किया है जिससे टूर की राशि का भुगतान आसान किश्तों में भी किया जा सके। भुगतान के लिए कुल राशि को 3, 6, 9, 12, 18 व 24 महीनों की किश्तों मे पूरा किया जा सकेगा। किश्तों मे भुगतान की यह सुविधा डेबिट व क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बुकिंग करने पर उपलब्ध रहेगी।

यात्रा की पूरी अवधि के दौरान आईआरसीटीसी की टीम स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी सभी प्रोटोकॉल का ध्यान रखेगी एवं यात्रियों को सुरक्षित व चिंता मुक्त अनुभव देने का प्रयास करेगी।

आईआरसीटीसी सभी पर्यटकों को फेस मास्क, हैंड ग्लव्स और सैनिटाइज़र रखने के लिए एक सुरक्षा किट भी प्रदान करेगी। सभी पर्यटकों और कर्मचारियों का तापमान जांच व हॉल्ट स्टेशनों पर बार-बार ट्रेन सेनिटाइजेशन आदि सुनिश्चित किया जाएगा। सभी कर्मचारियों की अच्छी तरह से जांच की जाएगी और प्रत्येक भोजन सेवा के बाद रसोई और रेस्तरां को साफ व सेनिटाइज किया जाएगा। इस यात्रा की बुकिंग के लिए 18 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के प्रत्येक यात्री को कॉविड के टीके का दोनों डोज लगा होना अनिवार्य होगा।

अधिक जानकारी के लिए यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट https://www.irctctourism.com पर जा सकते हैं और ऑनलाइन बुकिंग भी कर सकते हैं। बुकिंग की सुविधा आधिकारिक वेबसाइट पर, पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए निम्नलिखित मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। 8287930202, 8287930297.

*********